# राज्यों ने औद्योगिक स्मार्ट सिटी में दिखाई दिलचस्पी

■ अरुण चड्ढा

नई दिल्ली। औद्योगिक स्मार्ट सिटी को बसाने के लिए राज्यों की तरफ से खासी दिलचस्पी दिखाई जा रही है। खासकर उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड जैसे राज्यों ने सिटी बसाने के लिए केंद्र सरकार के साथ कंपनी गठन की प्रक्रिया को पूरा कर लिया है। अब दो से तीन वर्ष के अंदर औद्योगिक पार्क धरातल पर दिखाई देंगे, जिसके साथ इनसे औद्योगिक उत्पादन शुरू हो पाएगा।

अभी तक सात औद्योगिक स्मार्ट सिटी बनाने के लिए कंपनी गठन की प्रक्रिया पूरी हुई है। शेष पांच सिटी के लिए कंपनी बनने का काम अगले 15 दिनों में पूरा होना है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम की निगरानी में देशभर में 12 औद्योगिक स्मार्ट सिटी बनाने की घोषणा की थी। इन सिटी का निर्माण राज्यों और केंद्र सरकार द्वारा 50-50 प्रतिशत के फॉर्मूले पर किया जाना है। उत्तर भारत में यूपी के अंदर आगरा व प्रयागराज, बिहार में गया, उत्तराखंड

■ यूपी, बिहार समेत अन्य राज्यों ने सात सिटी बसाने के लिए कंपनी गठन की प्रक्रिया को किया पूरा

में खुरपिया, पंजाब राजपुरा और हरियाणा में हिसार में यह शहर बनाया जाना है। जमीन अधिग्रहण और पर्यावरण संबंधी स्वीकृत पहले ही हो चुकी थी। अब राज्यों और केंद्र को मिलकर कंपनी का गठन करना था।

बीते दिनों उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने आगरा और प्रयागराज की सिटी निर्माण को लेकर कंपनी गठन की प्रक्रिया को पूरा किया। बिहार और उत्तराखंड उससे पहले गठन कर चुके हैं। एनआईसीडीसी के सीईओ और प्रबंध निदेशक रजत कुमार सैनी कहते हैं कि कंपनी तैयार होने के बाद सारी बाधाएं पूरी कर ली गई हैं। अब इन औद्योगिक स्मार्ट सिटी में आधारभूत सुविधाएं विकसित करने के लिए जल्द ही निविदा प्रक्रिया शुरू होगी।